# बेहद लापरवाह है इंदौर नगर निगम

## मराठी के शेक्ससस्पियर कहलानेवाले नाटककार राम गणेश गडकरी की मरणोपरांत उपेक्षा

इंदौर (अनिल कुमार धडवईवाले, 8871400338 )) एक ओर इंदौर के राष्ट्रीयख्याति प्राप्त मूर्धन्य पत्रकार स्वर्गीय प्रभाष जोशी की याद में मोती तबेला से हरसिद्धि- मच्छी बाजार पुल तक के मार्ग का नामकरण किया गया / बरसों बाद कलेक्टर कार्यालय के सामने, मोती तबेला रोड पर उनके नाम का फलक भी लगाया गया है / जिसपर सिर्फ प्रभाष जोशी उल्लेख है जबकि उसके आगे प्रख्यात पत्रकार उल्लेख जरूरी था / इसी तरह नगर निगम द्वारा शहर मे सर्वत्र दिग्गज हस्तियों के नाम के फलक लगे हुए है ।





तो दूसरी ओर इंदौर नगर निगम द्वारा शहर के स्नेहलता गंज रोड नंबर 2 को बरसों पहले नामचीन पत्रकार स्व. बाळा राव इंगले की मुहीम +पहल पर मराठी के वरेण्य साहित्यकार राम गणेश गडकरी का नाम दिया गया था / लेकिन दुःखद बात यह है कि उनके नाम से कोई बडा फलक इस मार्ग पर दिखाई नही देता है। इतना ही नही इसी मार्ग पर स्व.गडकरी के चांद्रसेनीय कायस्थ प्रभु समाज का बडा भवन स्थित है / इसी में इसी समाज की 100 साल पुरानी सहकारी साख संस्था भी संचालित हो रही है / इसी भवन दिवार पर बडे आक्षरों में लिखा गया स्व.गडकरी का नाम भी पिछ्ले दिनों पोछ दिया गया है / जो कि एक अपमान जनक घटना है द्य इस मामले सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार धड़वईवाले द्वारा नगर निगम पत्राचार करने पर जवाब मिला कि निगम रिकॉर्ड मे इस संबंध कोई दस्तावेज उपलब्ध नही है द्य आपके पास हो तो निगम देवें द्य तांकी कार्यवाही की जा सके।

इंदौर नगर निगम ने इसी तरह सिख दंगो में शहिद हुए मराठी भाषी विजय जहागीरदार के नाम के लक्षवेधी फलक कलेक्टर ऑफिस से लालबाग पैलेस मार्ग पर लगाना ही चाहिये।

उल्लेखनीय है कि,, स्व.राम गणेश गडकरी मराठी कवि, नाटककार और व्यंगकार थे। उनका उपनाम गोविंदग्रज-बालकराम था । 26 मई, 1885 को गुजरात के नवसारी में जन्मे इस महान लेखक का आयु के 35 वे वर्ष में 23 जनवरी, 1919 को सावनेर - महाराष्ट्र में निधन हुआ / उन्होंने गोविंदग्रज उपनाम से लगभग 150 कविताएँ और बालकराम उपनाम से कुछ व्यंगलेख लिखे। इसके अलावा, उन्होंने चार नाटक 'एकच प्याला', 'प्रेम संन्यास', 'पुण्यप्रभा', और 'भावबंधन' भी लिखें द्य वे किर्लोस्कर नाटक कंपनी से जुड़े थे। मराठी रंगमंच के उम्दा अभिनेता भी थे

इंदौर में उनका कुछ समय तक उनका वास्तव्य रहा और यहां भी उन्होंने साहित्य साधना-नाट्य लेखन किया था।

## 'ब्रह्म गौरव कावड़ यात्रा' का प्रथम निमंत्रण भगवान श्री चिंताहरण गणपति को समर्पित



इंदौर की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाने वाले श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज, मालवा प्रांत की गौरवमयी परंपरा ब्रह्म गौरव कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन इस वर्ष भी 16 अगस्त 2026, रविवार को उत्साह के साथ संपन्न होगा। इस ऐतिहासिक यात्रा का प्रथम निमंत्रण संस्था ब्रह्म गौरव द्वारा समाज के आराध्य देव, प्रथम पूज्य भगवान श्री चिंताहरण गणपति जी के चरणों में सादर समर्पित किया गया। इस पुनीत अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री जयप्रकाश नाईक, इंदौर समाज अध्यक्ष श्री शैलेंद्र जोशी, सचिव श्री राजेश पाठक, पूर्व अध्यक्ष श्री मुकेश शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी श्री पारितोष जमींदार, संचालक श्री मितेश त्रिवेदी, उद्योगपति श्री रवि शुक्ला एवं यात्रा संयोजक कुँवर तुषार जमींदार सहित समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## मांडू भ्रमण का आयोजन किया



इन्दौर। संस्था द ऑथराइज्ड एनफोर्समेंट एंड रिकवरी एजेंसी द्वारा विनोद व्यास के नेतृत्व में मांडू भ्रमण का आयोजन किया जिसमें शामिल टीम सदस्यों ने जहाज महल, रानी रूपमती महल सहित अन्य ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन कर मांडू की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। भ्रमण के दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में समय व्यतीत किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायी एवं टीम-बिल्डिंग आयोजनों के नियमित आयोजन का संकल्प लिया।

## सानंद मे स्वरभक्ति की अविस्मरणीय संध्या "बोलावा विठ्ठल"



मुग्धा वैशंपायन, प्रथमेश लघाटे, डॉ. धनश्री लेले

इंदौर। सानंद न्यास इंदौर और पंचम निषद मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में बोलावा विठ्ठल कार्यक्रम दिनांक 19 जुलाई 2026 रविवार को सायं 5 बजे स्थानीय लोकमाता देवी अहिल्या सभागृह विश्वविद्यालय परिसर, खंडवा रोड इंदौर में होगा । कार्यक्रम का शुभारंभ इंदौर संभाग आयुक्त डॉ सुदाम खाडे दीप प्रज्वलित कर करेंगे । सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानद सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि बोलावा विठ्ठल यह संत साहित्य, अभंग, भक्तिरस और मधुर स्वरों के माध्यम से भगवान विठ्ठल की भक्ति का अनुपम अनुभव कराने वाली एक भावपूर्ण संगीत दिंडी यात्रा है। इस संगीतमय दिंडी यात्रा में सुप्रसिद्ध वक्ता डॉ. धनश्री लेले सूत्रधार रहेंगी । झी मराठी के लोकप्रिय कार्यक्रम लिटिल चॅम्प के पंचरत्नो मे से दो रत्न प्रथमेश लघाटे एवं मुग्धा वैशंपायन अभंग गायन कि मधुर प्रस्तुती से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर करेंगे । डॉ. धनश्री लेले - प्रख्यात वक्ता, संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति की विदुषी, प्रभावशाली सूत्रधार तथा संगीत-रसिक। संत साहित्य, वारकरी परंपरा और भारतीय अध्यात्म पर उनके व्याख्यान अपनी विद्वत्ता, सहजता और ओजस्वी प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से सराहे जाते हैं। प्रथमेश लघाटे - मराठी संगीत जगत के लोकप्रिय युवा गायक। शास्त्रीय संगीत की मजबूत नींव के साथ नाट्यसंगीत, भावगीत, अभंग और भक्तिसंगीत की प्रभावशाली प्रस्तुतियों से उन्होंने श्रोताओं के बीच अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। मुग्धा वैशंपायन - मधुर एवं सुमधुर आवाज़ की प्रतिभाशाली गायिका। शास्त्रीय, सुगम, भावगीत, नाट्यसंगीत और भक्तिसंगीत की विविध विधाओं में समान अधिकार के साथ गायन कर उन्होंने संगीतप्रेमियों के हृदय में विशेष स्थान बनाया है।

### कार्टून कोना




# विकास कार्यों की प्रगति पर महापौर की सीधी नजर

इंदौर। शहर में चल रहे विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता की निगरानी अब जोनवार की जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को जोन-17 से समीक्षा अभियान की शुरुआत की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं।



### जोन-17 से शुरू समीक्षा अभियान; 16 जुलाई तक सभी जोनों का निरीक्षण, तय होगी अधिकारियों की जिम्मेदारी

जोन-17 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18, 19 और 21 की समीक्षा बैठक में सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज, अमृत मिशन, पानी की टंकियों, शासकीय विद्यालयों और बैकलेन सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। महापौर ने प्रत्येक कार्य की स्थिति, लंबित मामलों और पूर्णता की समय-सीमा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

#### चार दिन में सभी जोनों की होगी समीक्षा

महापौर भार्गव ने बताया कि 13 से 16 जुलाई तक सभी जोनों की क्रमवार समीक्षा की जाएगी। इस दौरान चल रहे विकास कार्यों, लंबित परियोजनाओं और कार्यों की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बैठक में पार्षद सोनाली विजय परमार, संध्या राधाकिशन जायसवाल, जोन अध्यक्ष, अपर आयुक्त मनोज पाठक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### नरवल में चौड़ी होगी छह मीटर सड़क

समीक्षा के बाद महापौर ने जोन-17 अंतर्गत मास्टर प्लान सड़क निर्माण कार्य और वार्ड क्रमांक 19 के नरवल क्षेत्र में करीब 1.10 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन रिटेनिंग वॉल का निरीक्षण किया।

नरवल क्षेत्र में वर्षों पुरानी छह मीटर चौड़ी सड़क को 30 मीटर चौड़ी सड़क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार और नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा।

महापौर ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए समय पर पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### औद्योगिक क्षेत्र की मास्टर प्लान सड़क जल्द तैयार

समीक्षा के दौरान औद्योगिक क्षेत्र की मास्टर प्लान सड़क की प्रगति भी जानी गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्य अंतिम चरण में है और अगले माह इसके लोकार्पण की संभावना है।

महापौर ने कहा कि शहर के अधोसंरचना विकास कार्यों में गति और गुणवत्ता दोनों पर समान ध्यान दिया जा रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## जन्मदिवस पर वृक्षारोपण



इंदौर। श्री माहेश्वरी समाज हाईवे क्षेत्र द्वारा हाईवे क्षेत्र के संस्थापक अध्यक्ष एवं इंदौर जिला माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष आदरणीय श्री सत्यनारायण जी मंत्री (पप्पू भैया) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

माँ की बगिया में विजय यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सत्यनारायण मंत्री (पप्पू भैया) एवं देवेंद्र बाहेती ने वरिष्ठ समाजसेवी रविन्द्र राठी (काका जी) के सानिध्य में नीम एवं आंवले के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन एवं हरित भविष्य का संदेश दिया

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के सूत्रधार श्री श्याम सारड़ा रहे।श्री माहेश्वरी समाज हाईवे क्षेत्र के अध्यक्ष राजेश गट्टानी, मंत्री सीए विकास माहेश्वरी, मार्गदर्शक वासुदेव मालू, अभय सारड़ा, राजेश लखोटिया, सीए नीलम राठी, विकास बांगड़ एवं ललित बियानी ने सत्यनारायण मंत्री (पप्पू भैया) एवं देवेंद्र बाहेती का आत्मीय स्वागत किया ।

## सुरमयी गीतों से दी गई ओमप्रकाश शर्मा जी को पुष्पांजलि

इंदौर। संगीत की शाम आपके नाम ग्रुप के द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों और ग्रुप के ही संगीत प्रेमियों ने सुरों के माध्यम से उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम के दौरान गायकों ने हिंदी सिनेमा के दिग्गज फनकारों–किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेशकर और उषा मंगेशकर, येशुदास–के सदाबहार गीतों की ऐसी प्रस्तुतियां दीं कि पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा वरिष्ठ अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति इस गरिमापूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय कामले, श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज पेड़ी के अध्यक्ष संजय व्यास एवं समाज के अध्यक्ष शैलेंद्र जोशी एवं ग्रुप के एडमिन व कार्यक्रम प्रभारी प्रदीप नाईक विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्व. ओमप्रकाश शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

#### सुरों की महफिल और श्रोताओं की दाद

संगीतमयी महफ़िल में एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां हुई, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया शैलेन्द्र जोशी (अध्यक्ष, श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज) ने अपनी मखमली आवाज में बहुत खूबसूरत गजल लिख रहा हूं, तुम्हें देख कर गीत लिख रहा हूं... गाकर महफिल में रुमानियत बिखेर दी।

गणेश कुमार व्यास (बड़वानी) ने मुकेश जी का प्रसिद्ध गीत इतनी नाजुक न बनो... बेहद सुरीले अंदाज में गाकर वाहवाही लूटी।

ऊषा छाया ने शास्त्रीय अंदाज में नैनो में बदरा छाए... गीत की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और कलाकारों को जमकर दाद दी।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संध्या जोशी ने किया।


कार्यक्रम के आयोजक एवं श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संगठन कै युवा समाजसेवी एवं बृम्हलीन ओमप्रकाश शर्मा के पुत्र शीनू शर्मा ने किशोर दा का सदाबहार गीत ता मेरे ये गीत याद रखना... गाकर माना, इस दौरान सभी की आंखें नम कर दीं। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों, गायकों और संगीत प्रेमियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

वहीं एक शाम संगीत के आपके नाम ग्रुप के एडमिन प्रदीप नाईक व श्रीमती मंजू जोशी ने आभार व्यक्त किया।

# स्थापना दिवस एवं छात्र-सम्मान संपन्न रजनीश को भामाशाह सम्मान

इंदौर ( संदीप सोनी )समाज की एकता एवं रचनात्मक सहयोग से समाज एक रूप होकर, सही दिशा में आगे बढ़ेगा, शिक्षा के क्षेत्र में हमसे जो भी सहयोग होगा, हम तत्पर हो समाज उत्थान के लिए कार्य करेंगे।

उक्त बात, श्री स्वर्णकार सेवा न्यास (ट्रस्ट) इंदौर के 20 वें स्थापना दिवस समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.दीपक वर्मा , प्रो वाइड चांसलर एवं डीन अंबेडकर यूनिवर्सिटी महू ने कहीं। विशिष्ट विशेष अतिथि एमआईसी मेंबर राजेश उदावत तथा विशेष अतिथि समाजसेवी मनोज सोनी अध्यक्ष, मेवाड़ा समाज इंदौर थे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में महाराजा अजमीढ़जी एवं मां सरस्वती को माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना हुई। अतिथियों का सत्कार शाल,श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर किया। जिनमें ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश सोनी (मा.सा.), कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र मंडोवरा , हुकुमचंद सोनी, कैलाश सिंगावदा वाले, श्याम लाल सोनी, कैलाश सोनी (सीमेंट वाले) रजनीश सोनी, इत्यादि ट्रस्टीयों ने किया। अतिथि परिचय संरक्षक ट्रस्टी जी. डी. सोनी ने दिया। कार्य योजना ट्रस्ट सचिव अरविंद सोनी ने बताई तथा भावी योजनाओं पर योगेंद्र मंडोवरा ने प्रकाश डाला।

इस अवसर स्वर्णकार समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान तथा समाज के कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किए गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाशचंद्र सोनी (मा.सा) की धर्मपत्नी स्व.श्रीमती कमला देवी की स्मृति में विशेष छात्रवृत्ति ÷सुश्री स्वधन्या योजना ÷ से सम्मानित किया गया। छात्रवृत्ति की राशि 5,100/(प्रत्येक छात्रा को) राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर मेवाड़ा समाज समाज अध्यक्ष मनोज सोनी ने शिक्षा सहायता हेतु 5,100 रुपए के अनुदान की घोषणा की।कार्यक्रम में समाजसेवी ओम प्रकाश पांचम, प्रोफे.किशन लाल जड़िया, ओम प्रकाश वर्मा, कैलाश सोनी सीमेंट कमल सोनी, प्रमोद सोनी, अर्जुन सोनी, नीलकमल सोनी, श्रीमती अंजलि बुट्टन, श्रीमती हीरामणि सोनी, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती शारदा सोनी, श्रीमती संतोष चंचल सोनी, श्रीमती रानी सोनी, उपस्थित थे। संचालन डॉ. प्रमिला सोनी, श्रीमती सीमा सोनी ने किया। सभी का आभार योगेंद्र मंडोवर ने माना।